गांधी जी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई

मसूदा (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राघपुरा में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया इस अवसर पर संस्था प्रधान रतन सिंह देवड़ा ने कहा कि विश्व के इतिहास में बहुत कम ऐसे व्यक्तित्व हुए जिन्होंने मानवता पर अपनी एक अलग छाप छोड़ी है उनमें से एक है महात्मा गांधी भारत एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनीतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे वह सत्याठाह के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार के अठाणी नेता थे उनकी इस अवधारणा की नीव संपूर्ण अहिंसा के सिद्धांत पर रखी गई थी जिसने भारत को भारतीय स्वतंत्रता संठाम दिलाकरपूरी दुनिया में जनता के नागरिक अधिकारों एवं स्वतंत्रता के प्रति आंदोलन के लिए प्रेरित किया उन्हें दुनिया में आम जनता महात्मा गांधी के नाम से जानती है संस्कृत भाषा में महात्मा अथवा महान आत्मा एक समान सूचक शब्द है 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा गांधी को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस अवसर विद्यालय के अध्यापक मनोज कुमार शर्मा सुनील कुमार चेनाराम कुमावत मनीष कुमार चौधरी मनीष कुमार मीणा ईश्वर चंद संजय शर्मा मोहनलाल मीणा मंगल चंद योगी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

जेएलएन अस्पताल में जटिल ऑपरेशन कर बचाई मरीज की जान

अजमेर, (कासं)। जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा तकनीक के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। एडवांस्ड थोरेकोस्कोपीक तकनीक से मरीजों की चेस्ट सर्जरी की गई। इस नवीन तकनीक का उपयोग कर एडवांस्ड थोरेको लेपेरोस्कोपिक सर्जन डॉ.अनिल कुमार शर्मा ने तीन मरीजों का सफल ऑपरेशन कर जान बचाई। डॉ. शर्मा ने बताया कि वीडियो असिस्टेड थोरेकोस्कोपीक सर्जरी एक मिनिमल एक्सेस सर्जरी तकनीक है, जिसमें छाती में बड़े चीरे की बजाय छोटे छेद के माध्यम से दूरबीन (कैमरा) डालकर ऑपरेशन किया जाता है।

आम सूचना

मेरी पत्नि कंचन देवी पत्नि रघुनाथ जाति जाट निवासी ग्राम इंदोली की मृत्यु दिनांक 20-6-2007 को मेरे निवास स्थान इंदोली में हो गई थी। जिसका पूर्व मे इन्द्राज ग्राम पंचायत देवपुरी में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी पत्नि कंचन देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी- रघुनाथ जाट पुत्र भंवरलाल जाट जाति जाट निवासी इंदोली तह. अरांई (अजमेर)

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वूल प्रेस कॉलोनी, आदर्श नगर, अजमेर रोड, ब्यावर पर स्थित प्लाट नं. 118 का बेचाननामा ता. 04.04.1972 मूल तथा प्लाट नं. 126 व 128 का बेचाननामा ता. 31.05.1973 मूल निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास गुम हो चुके है तथा मूल टाइटिल डीडस को मैंने कहीं पर रहन, प्लेज, हाइपोथिकेट, बन्धक एवं भारयुक्त नहीं किया है। अतः उक्त मूल पंजीकृत बेचाननामा ता. 04.04.1972 व 31.05.1973 किसी भी महानुभाव को उपलब्ध हुए हो, तो सूचना निम्न हस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित करने का श्रम करावे। सूचित रहें।

डॉ. सुगनचन्द जैन पुत्र श्री शंकरलाल जैन
114. आदर्श नगर, अजमेर रोड, ब्यावर।

कांग्रेसियों ने गांधी जी को दी श्रद्धांजलि, सद्भावना रैली निकाली

■ प्रशासनिक कार्यालयों व शिक्षण संस्थाओं में रखा दो मिनट मौन

अजमेर, (कासं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को शहर सहित जिले भर में श्रद्धांजलि सभा व पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुए। जिला एवं पुलिस प्रशासन की ओर से दो मिनट का मौन रख कर राष्ट्रपिता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

गांधी भवन कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि : जिला कांग्रेस कमेटी और देहात कांग्रेस कमेटी ने गांधी भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस ने इस दिन को बलिदान दिवस के रूप में मनाते हुए बापू के विचारों को याद किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कहा कि महात्मा गांधी केवल भारत ही नहींए बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व गांधीजी को आदर और सम्मान के साथ देखता है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही शांति और अहिंसा का संदेश आगे बढ़ाया जा सकता है। चौधरी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर निशाना साधते हुए कहा कि भागवत ने कहा था कि भारत को 1947 में सच्ची आजादी नहीं मिली थी। यह बयान गांधीजी और उनके स्वतंत्रता संग्राम में किए गए बलिदान का अपमान है। उन्होंने कहा कि गांधीजी के विचारों और उनके बलिदान को नकारने की कोशिश करना देश के इतिहास को तोड? मरोड? जैसा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने कहा कि देश आज भी गांधी के बताए मार्ग पर चल रहा है और पूरा विश्व उनके विचारों से प्रेरणा ले रहा है। उन्होंने कहा कि नफरत और हिंसा के बढ़ते दौर में गांधीजी के सत्य और अहिंसा के विचारों को आत्मसात करना समय की मांग है। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और महात्मा गांधी के सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने दो मिनट का मौन रखकर बापू को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन,डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी,प्रदेश सचिव रश्मि हिगोंरानी, ब्लाक अध्यक्ष वाहिद मोहम्मद, लक्ष्मी धोलखेडिया,यूथ काँग्रेस अध्यक्ष मोहीत मल्होत्रा,पार्षद श्याम प्रजाति,सुनिल धानका,हामिद चीता,विपिन बैसील,अशोक बिनदल , राजनारारण ओसापा,सोना धनवानी, दिनेश के शर्मा,मनीष सेन,शिवराज भडाना, ईशवर टहलीयानी,कैलाश कोमल, सागर मीणा, अंकित घारु, महेन्द्र कटारिया, शमसुदीन, राजीव कच्छावा, अशोक सुकारिया, नवीन सोलीवाल, धर्मेन्द्र नागवाल, राजेश गोरा,नीरज यादव, आलोक गुप्ता, कमल कृपलानी, मनोज कंजर, यतीन, राजकुमार गर्ग सहित गंगाराम तंवर मौजूद थे। गांधी जी की पुण्य तिथि पर प्रशासनिक कार्यालयों सहित शिक्षण संस्थाओं में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जिला कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यालयों के कर्मचारियों दो मिनट का मौन रखा और पुष्पांजलि अर्पित की, इसके पश्चात गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम... गाया गया। इसी प्रकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर के नेतृत्व में एसपी कार्यालय के बाहर जिले के पुलिस कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखा।

सद्भावना यात्रा रैली निकाली: गांधी महोत्सव समिति और पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज के तत्वावधान में गुरुवार सुबह 11 बजे सद्भावना यात्रा निकाली गई।

सड़क पर बिखरा पड़ा मिला बायोमेडिकल वेस्ट

अजमेर, (कासं)। संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में सर्जिकल वेस्ट के निस्तारण में गंभीर लापरवाही सामने आई है। अस्पताल का जैव चिकित्सा अपशिष्ट (बायोमेडिकल वेस्ट) सड़क पर बिखरा पडा मिला, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। गुरुवार को बजरंगगढ़ सर्किल पर सिरिंज, खून से सनी रुई, ग्लव्स और मेडिकल बैग बिखरे हुए मिले, जो जेएलएन अस्पताल का सर्जिकल कचरा बताया जा रहा है, जिसे नियमानुसार ठेकेदार द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट प्लांट में ले जाकर नष्ट किया जाना चाहिए था, लेकिन ठेकेदार के कर्मचारियो द्वारा वेस्ट के लिए ले जाते समय गिर गया, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ गई है । स्थानीय लोगों ने गंभीर लापरवाही की शिकायत प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को दी है। उन्होंने मांग की है कि ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में अस्पताल के जैव चिकित्सा कचरे का सही निस्तारण सुनिश्चित किया जाएए ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण को रोका जा सके।

बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 के तहत अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से निकलने वाले जैविक कचरे को विशेष प्रक्रियाओं के तहत नष्ट किया जाना अनिवार्य है, लेकिन ठेकेदार द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे अस्पताल में भर्ती मरीजों, आम नागरिकों और सफाई कर्मचारियों को गंभीर संक्रमण का खतरा है। खुले में पड़े इस्तेमाल किए गए सिरिंज आदि से एचआईवी, हेपेटाइटिस, डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियां फैलने की संभावना बढ़ जाती है।

गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

पुष्कर (निसं)। मादक पदार्थों के खिलाफ पुष्कर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे। अभियान के चलते पुलिस ने बीती शाम मादक पदार्थ बेच रही एक महिला को गिरफ्तार कर लिया ।

पुलिस को उसके पास से 900 ग्राम गांजा भी बरामद हुआ है । जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 21 में रहने वाली रेखा पत्नी मोहम्मद रईस गुजराती गांजा बेचने के लिए माधव नगर के पास ग्राहकों का इंतजार कर रही थी । गश्त के दौरान पुलिस को शक होने पर जब महिला की तलाशी की गई तो उसके पास से 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ । पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है ।

सार-समाचार

'महात्मा गांधी ने सत्य के मार्ग पर चलना सिखाया'

मदनगंज-किशनगढ़ ,(निस)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। विधायक डॉ विकास चौधरी ने कहा महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान देकर आजादी दिलाने में सक्रिय भूमिका अदा कर । उनकी इस अवधारणा की नींव संपूर्ण अहिंसा के सिद्धांत पर रखी गई थी, जिसने भारत को भारतीय स्वतंत्रता संठाम दिलाकर पूरे विश्व में जनता के अधिकारों और स्वतंत्रता के प्रति आंदोलन के लिए प्रेरित कर सत्य के मार्ग पर चलना सिखाया। अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो, नगर अध्यक्ष आजम कुरैशी, राकेश शर्मा, पार्षद घनश्याम सिंह सोढा, सुशील अजमेरा, मदन मेघवाल, महेंद्र सैन, इकराम मंसूरी, आसिफ भाटी, शकील क़ुरैशी, हाजी महबूब, तेजपाल बजाड़, मंसूरी समाज जिलाध्यक्ष हाजी हिसामुद्दीन मंसूरी, कानाराम चोटिया, सोहेल मंसूरी, रामेश्वर सोलंकी, साबिर पठान, नसरुद्दीन देशवाली, मुस्ताक, पंकज अठावाल सहित बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्त्ताओ ने गांधी पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दो मिनिट का मौन रखकर प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

कुष्ठ रोग जागरूकता रथ रवाना

अजमेर, (कासं)। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान पखवाड़ा का शुभारम्भ गुरूवार को हुआ। यह पखवाडा आगामी 13 फरवरी तक मनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा द्वारा स्वास्थ्य संकुल परिसर से कुष्ठ रोग प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के 5 ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय शहरी क्षेत्रा में भ्रमण कर राष्ट्रीय कुष्ठरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठरोग के लक्षण एवं उपचार तथा सैल्फ केयर से संबंधित जानकारी इत्यादि का प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरूक करेगा। अभियान पखवाडे क़े दौरान जिले मे कुष्ठ रोग की जानकारी के प्रचार-प्रसार के लिये विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। आमजन को चमड़ी से संबंधित सुन्नपन, चकत्ते हो तो शीघ्र जांच एवं उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर दिखाए। डॉ. रंगा ने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम सभा में कुष्ठप्रभावित एवं कुष्ठरोग से मुक्त व्यक्ति को ग्राम सभा का उस दिन का विशिष्ठ अतिथि घोषित किया जाएगा। इसी के साथ उनका अभिनंदन कर उनके माध्यम से प्रचार-प्रसार द्वारा संदेश दिया जाएगा। स्कूलों में एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन करवाया जाएगा।

साइकिल व लैपटॉप पाकर खुश हुई छात्राएं

मसूदा, (निसं)। मसूदा पंचायत समिति की निकटवर्ती ठाम पंचायत शिखरानी के ठाम नगर में सरपंच एवं प्रधान प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने गुरुवार को सायकिल व लेपटॉप वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की । राज्य सरकार द्वारा दी जा रही निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत ठाम नगर के विद्यालय में छात्राओं को साइकिल एवं लैपटॉप वितरण किए गए ।सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में बताया कि कक्षा आठवीं पढ़ने के बाद में विद्यालय दूर दराज होने के कारण राज्य सरकार की योजना के तहत बालिकाओं को नवी कक्षा में साइकिल दी जाती है जिस की पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं आवे। राठौड़ ने छात्राओं को राज्य सरकार व केंद सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

और कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिलेगा राठौर ने कहा कि मसूदा प्रधान मीनू कंवर राठौड़ व में राजनीतिक में केवल सेवा के लिए आए हैं । हम भी आशा करते हैं कि आप शिक्षा के क्षेत्र में अपना व अपने परिवार के साथ देश के साथ विद्यालय का नाम रोशन करें। बेटियां दो घरों का नाम रोशन करती है चाहे वह डॉक्टर इंजीनियर उच्च अधिकारी सहित अन्य पदों पर हो।

उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव का किया सम्मान

■ नसीराबाद तथा अराई शाखा द्वारा किया गया सम्मान

नसीराबाद/अरांई । राजस्थान पेंशनर्स समाज नसीराबाद शाखा और अंराई शाखा के तत्वाधान में संयुक्त रुप से राज्य स्तरीय पुरुस्कार से सम्मानित किए जाने पर नसीराबाद उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव का सम्मान करते हुए बधाई दी गई और मांग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम मे दोनों शाखाओं के सदस्यों ने भाग लिया।

गुरुवार को राजस्थान पेंशनर्स समाज उप शाखा अध्यक्ष गजानंद शर्मा और अराई शाखा अध्यक्ष ओम प्रकाश सारण के सानिध्य संरक्षक रामेश्वर कच्छावा, देवी लाल शर्मा, सत्य नारायण शर्मा, राजेन्द्र, राम लाल जीनगर, घीसा लाल भाटी, सत्य नारायण ऐरन, कामिनी शर्मा व राम देव प्रजापति सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स समाज के सदस्यो ने भाग लिया।

इस अवसर पर पेंशनर्स समाज द्वारा उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव को शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मांग पत्र में पेंशनर्स भवन की पिछली दीवार की मरम्मत करवाए जाने के साथ ही राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त तथा 26 जनवरी के अवसर पर पेंशनर्स समाज के 2-2 सदस्यों का उपखंड स्तर पर सम्मान किए जाने की मांग की गई। उपशाखा अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण ने बताया कि नसीराबाद के एसडीओ देवीलाल यादव के मतदाता दिवस पर प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किए जाने पर उपशाखा की तरफ से अभिनंदन किया गया। सारण ने बताया कि अरांई उपखण्ड अधिकारी रहते यादव ने आरजीएचएस दवाई की दुकान खुलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.02.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
अजमेर, मदनगंज कृष्णगढ़, 111760700024092, 4144, 4148, 4155, 4169, 4170, 4217, 4224, पीआर मार्ग अजमेर, 125030700014963, 4999, 125030730030963, 1028, रामगंज अजमेर, 111700700021401, 1801, 1894, 1911, 111700730032746, 2758, 2819, ब्यावर, ब्यावर, 135510700009012, भीलवाडा, गांधी नगर भीलवाडा, 116480700020105, 0147, 116480730018695, शास्त्री नगर भीलवाड़ा, 116360700018821, 8958, 9223, 9227, 9246, 9257, 9274, 116360730017826, सुभाष नगर भीलवाडा, 116390700026299, 6324, 6327, 6418, 6422, 116390730038739, 9247, 116390750000087,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

91 छात्राओं को बांटी साइकिल

बिजयनगर । राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत विद्यालय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा रही। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं अभिभावक लोगों के द्वारा कक्षा 9 की 91 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साथ ही बोर्ड कक्षाओं 8वी, 10वीं और 12वीं की 16 छात्राओं को टैबलेट प्रदान किए गए। कल्पना सिंह ने बताया यह योजना छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और उनकी पहुंच को सुगम बनाने की दिशा में राज्य सरकार की सराहनी पहल है। साइकिल से छात्राओ को स्कूल आने-जाने में आसानी होगी ।

पुलिसकर्मी को स्मैक सहित पकड़ा

■ शहर सहित आसपास के इलाकों में चोरी की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं।

नागौर । शहर में लंबे समय से अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त का खेल चल रहा है। शहर के महिला थाने से मात्र 20 मीटर की दूरी पर यह मामला सामने आया है। बढ़ते अवैध मादक पदार्थों के कारण शहर सहित आसपास के इलाकों में चोरी की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं।

दरअसल, नागौर शहर के महिला थाने से मात्र 20 फीट की दूरी पर एक पुलिसकर्मी को अवैध मादक पदार्थ खरीदते हुए मोहल्लेवासियों ने पकड लिया। भीड ने पुलिसकर्मी के पास से दो पुडिया स्मैक जब्त कर ली। पकडा गया पुलिसकर्मी सुनील विश्नोई वर्तमान में नागौर पुलिस लाइन में तैनात है। सूचना मिलते ही शहर कोतवाली थाना अधिकारी वेदपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जमा भीड़ से कांस्टेबल को छुडाया। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों को समझाइश देकर मामला शांत किया और सुनील विश्नोई को अस्पताल लेकर गई। बढते नशे के कारोबार को लेकर महिला थाना क्षेत्र के पीछे स्थित मोहल्ले के लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में उन्होंने अवैध मादक पदार्थों की खुलेआम बिक्री और इसके कारण बढती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई थी। मोहल्लेवासियों ने मांग की कि इस अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लेकिन, ज्ञापन सौंपने के अगले ही दिन मोहल्लेवालों ने एक पुलिसकर्मी को अवैध मादक पदार्थ खरीदते हुए पकड़ लिया, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे हो गए हैं। नागौर जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि महिला थाने के पीछे एक कांस्टेबल मादक पदार्थ खरीदने गया था। भीड़ ने उसके कब्जे से मादक पदार्थ बरामद किया। कोतवाली पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। उसके खिलाफ अवैध मादक पदार्थ की तस्करी को लेकर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। महात्मा गांधी को किया नमन : सरवाड़ में गुरुवार को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अजमेर के निर्देशानुसार शहीद दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन गांधी चौक में किया गया वहीं कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर गुरुप्रसाद तंवर उपखण्ड अधिकारी द्वारा माल्यार्पण किया गया एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई इसी क्रम में बापू के प्रिय भजनों एवं रामधुनी का श्रवण किया गया वहीं तत्पश्चात् दो मिनट का मौन रखते हुए बापू को श्रद्धांजलि दी गई इस दौरान कार्यक्रम में बंटी राजपूत तहसीलदार रामेश्वर प्रसाद झारोटिया मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकार भगवतसिंह परमार अधिशासी अधिकारी गोपीलाल कीर प्रधानाचार्य पीएम श्री रा.उ.मा. विद्यालय, परमेश्वर शास्त्री रा. पू.बा.उ.मा. विद्यालय महावीर प्रसाद खटीक, गिरदावर नगर पालिका से अर्जुन सिंह राठौड़, रहीस अहमद, नन्दकिशोर पोरवाल, सत्यनारायण लखन, हरिप्रसाद सेवता, महावीर प्रसाद धोबी, सन्दीप सेवता, सलीम कुरेशी, घीसा लाल माली, वीरेन्द्र कुमार योगी व गोविन्द सिंह भाटी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अमर बलिदानियों को किया नमन

भीलवाडा। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में आज शहीद दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रिपता महात्मा गांधी और अन्य वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ओम प्रकाश मेहरा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद चन्द्रभान सिंह भाटी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्मिकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ओम प्रकाश मेहरा ने कहा कि शहीद दिवस हमें उन वीरों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उनका बलिदान हमें सदैव देश की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण.स्वी./2024/4534 **आम सूचना** दिनांक : 12.12.24

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
131	मोनिका जैन पत्नि अभिषेक कुमार	प्राज्ञनगर द्वितीय बिजयनगर ख.सं. 793, 794 व 796 भू.सं. 112 का उत्तरी हिस्सा भू.सं. 13 का पूर्वी हिस्सा व भू.सं. 114 का उत्तरी-पूर्वी हिस्सा	189.516 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण.स्वी./2024/4921 **आम सूचना** दिनांक : 7.1.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
142	1. मुन्नीदेवी पत्नि जमना जाट 2. ललितादेवी पत्नि रामप्रसाद जाट	चांदमल विनायकियानगर बरल द्वितीय बिजयनगर ख.सं. 822 से 830 प्लाट नं. 134	125.41 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./BPAS-2258/2025/153 **आम सूचना** दिनांक: 30/01/2025

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्री पीयूष टवाणी पुत्र श्री राजीव टवाणी राजस्व ग्राम किशनगढ बी, खसरा संख्या के भूखण्ड सं. ब्लॉक जी-13 क्षेत्रफल 216.67 वर्गगज 'लक्ष्मीनारायण विहार कॉलोनी' अजमेर रोड मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-
पूर्व में : भूखण्ड सं. जी-10 पश्चिम में : रास्ता 30.0 का
उत्तर में : भूखण्ड सं. जी-12 दक्षिण में : भूखण्ड सं. जी-14
अत: उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति / एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। -प्रभारी (भवन निर्माण स्वीकृति) नगर परिषद, किशनगढ़

आम सूचना

हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल लक्ष्मी देवी पत्नी पप्पू सिंह पता - ग्राम फारकिया, श्रीनगर तहसील नसीराबाद, जिला अजमेर राजस्थान। यह की मेरी मुवक्किल की एक सम्पति ग्राम पंचायत फारकिया द्वारा जारी पट्टा नंबर 46 बुक नंबर 23 ग्राम पंचायत फारकिया पंचायत समिति श्रीनगर जिला अजमेर राजस्थान जिसका पट्टा सर्वप्रथम श्री पांचू सिंह पुत्र बीन्जा के नाम पर ग्राम पंचायत फारकिया ने दिनांक 05.04. 2013 को जारी किया। तत्पश्चात श्री पांचू सिंह पुत्र बीन्जा का स्वर्गवास हो गया है। जिसके पश्चात् उनकी पत्नी गौरी व उनके वारिसान पुत्र दीपक, पुत्री लीला व नाबालिक पुत्र अनिल जरिये प्राकृतिक संरक्षक माता गौरी ने श्री पप्पू पुत्र स्व. श्री पांचू सिंह को हकत्याग कर दिया जो सब रजिस्ट्रार श्रीनगर के कार्यालय में दिनांक 08.08.2018 को पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 29 पृष्ठ संख्या 119 क्रम संख्या 201803270101003 पर पंजीबद्ध किया हुआ हैं। तत्पश्चात उक्त सम्पति को मेरी मुवक्किल के पति ने उक्त सम्पति को मेरी मुवक्किल लक्ष्मी देवी पत्नी पप्पू सिंह को जरिये उपहार पत्र दिनांक 04.12.2024 उपहार कर दिया जो कि उप पंजीयक श्री नगर में क्रम संख्या 202403270100680 में पंजीबद्ध किया हैं। यह की उक्त सम्पति के कागज पट्टा व हकत्याग मेरे मुवक्किल के पति द्वारा कही खो गए है जिसके सन्दर्भ मे उक्त खोये दस्तावेजो की एक ऑनलाइन एफ आई आर संख्या 2399141/2024 दिनांक 17.09.2024 को की गई। एवं मेरी मेरी मुवक्किल उपरोक्त सम्पति पर पर ऋण ले रही है यदि उक्त सम्पत्ति बाबत किसी भी व्यक्ति, बैंक व वित्तीय संस्था को कोई भी आपत्ति हो या उक्त सम्पति के कागज किसी को पाये तो 07 दिन के अन्दर अन्दर मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता से नीचे लिखे पते पर संपर्क करें अन्यथा बाद गुजरने याद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी व सो सूचित रहे।

मुकुन्द पंचारिया, एडवोकेट मो. 7793033590

तेजी से आगे बढ़ाएं अपने
मार्केट
के
रिटर्न को
एलआईसी
इंडेक्स
प्लस
UIN: 512L354V01 | Plan No.: 873
ऑनलाइन भी उपलब्ध
मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ
एक नॉन - पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना
मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
दो फ़ंड्स में से चुनिए - निफ्टी 50 (फ्ल